# FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

## सराहनीय कार्य दिनाँक 13-12-2025 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा अंतर्जनपदीय चोर अभियुक्त शिवा उर्फ भूरा उर्फ अजय को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस व चोरी की 01 ई-रिक्शा बरामद।**
- **अभियुक्त शिवा उर्फ भूरा के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग है पंजीकृत...**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल कराया गया भर्ती।**

दिनांक 12-12-2025 को वादी द्वारा थाना उत्तर पर तहरीर दी गयी कि वादी का ई-रिक्शा को दिनांक 02-12-2025 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 686/2025 सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना का सफल अनावरण कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा की गयी विवेचना के दौरान अभियुक्त शिवा उर्फ भूरा उर्फ अजय व 02 अन्य का नाम प्रकाश में आया था। इसी क्रम में आज दिनांक 13-12-2025 को थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी कि थाना उत्तर पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 686/2025 में वांछित अभियुक्त शिवा उर्फ भूरा अपने दो अन्य साथियों के साथ थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत बेंदी की पुलिया के पास जंगलों में चोरी की ई-रिक्शा लेकर आया हुआ है और उसको बेचने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा बेंदी की पुलिया के पास जंगलों में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान पुलिस टीम को संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान शिवा उर्फ भूरा उर्फ अजय पुत्र मूलचन्द निवासी मौहल्ला कोलियान थाना अवागढ़ जनपद एटा के रुप में हुई है। जोकि थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 686/2025 का वांछित अभियुक्त है। जिसके अन्य 02 साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। पुलिस टीम द्वारा जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त शिवा उर्फ भूरा के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस एवं चोरी की 01 ई-रिक्शा बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. शिवा उर्फ भूरा उर्फ अजय पुत्र मूलचन्द निवासी मौहल्ला कोलियान थाना अवागढ़ जनपद एटा।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. चोरी का 01 ई-रिक्शा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त -**

1-मु0अ0सं0 686/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2-मु0अं0सं0-690/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3-मु0अ0स0 447/2024 धारा 303(2)/317(5) बीएनएस थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
4-मु0अ0स0 400/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
5-मु0अ0स0 12/2019 धारा 380/411/457 भादवि थाना अवागढ जनपद एटा।
6-मु0अ0स0 15/2019 धारा 380/511/457 भादवि थाना अवागढ जनपद एटा।
7-मु0अ0स0 165/2019 धारा 380/411/457 भादवि थाना अवागढ जनपद एटा।
8-मु0अ0स0 232/2019 धारा 380/411 भादवि थाना अवागढ जनपद एटा।
9-मु0अ0स0 235/2019 धारा 380/411 भादवि थाना अवागढ जनपद एटा।
10-मु0अ0स0 147/2024 धारा 317(2)/317(5)/318(4) बीएनएस थाना अवागढ जनपद एटा।
11-मु0अ0स0 168/2024 धारा 317(5) बीएनएस थाना अवागढ जनपद एटा।
12-मु0अ0स0 945/2022 धारा 328/379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।
13-मु0अ0स0 946/2022 धारा 328/379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।
14-मु0अ0स0 968/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।
15-मु0अ0स0 831/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।
16-मु0अ0स0 152/2018 धारा 307 भादवि थाना संकीट जनपद एटा।
17-मु0अ0स0 76/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
18-मु0अ0स0 376/2024 धारा 123, 309(6), 317(2) बीएनएस थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात।
19-मु0अ0स0 186/2024 धारा 379, 411 भादवि थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्ध।
20-मु0अ0स0 155/2023 धारा 328, 379 भादवि जनपद कासगंज।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1- प्र0नि0 अंजीश कुमार सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2-उ0नि0 अनुज कुमार तिवारी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3-उ0नि0 रितिक शर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4-उ0नि0 अरूण कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5-का0 377 प्रदीप कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6-का0 1409 विजय कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7-का0 654 सचिन खोखर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8-का0 346 बल्देव कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।